
वर्ष-3, अंक-14
इन्दौर, शनिवार
14 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।



-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक नागरिक घायल

**मास्को।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन के हमले में एक नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रांतीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर कहा, ÷बेलगोरोड क्षेत्र के बेलगोरोडस्की जिले पर दुश्मन के ड्रोन ने हमला किया। एक नागरिक घायल हो गया। उस व्यक्ति को गंभीर हालत में क्रास्नाया निवा गांव से ओक्त्रैब्रस्काया जिला अस्पताल ले जाया गया। घायल व्यक्ति के सिर और हाथों पर कई घाव हैं। उसे आगे के इलाज के लिए एम्बुलेंस टीम द्वारा क्षेत्रीय क्लिनिकल अस्पताल ले जाया जा रहा है। सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

### सीरिया में नवंबर से अब तक 11 लाख लोग हुए हैं विस्थापितः संरा

**दमिश्क।**संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि सीरिया में 27 नवंबर को युद्ध के जोर पकड़ने के बाद से 11 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। आईडीपी टास्क फोर्स ने कहा, सीरिया में 27 नवंबर को युद्ध के तेज होने के बाद से 11 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। संगठन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि लगभग 6,40,000 लोग अलेप्पो प्रांत से भाग गए, जबकि 3,34,000 लोग इदलिब से और 1,36,000 लोग हमा से भाग गए।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।.

### वायुसेना को मिलेंगे 12 सुखोई जेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना के सुरक्षा बेड़े में और इजाफा होने जा रहा है. रक्षा मंत्रालय ने 12 सुखोई जेट खरीदने के लिए प्रमुख सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)के साथ 13,500 करोड़ रुपए का सौदा किया है. रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि विमान में 62.6 प्रतिशत हिस्सा घरेलू सामग्री का होगा.

भारतीय वायुसेना के लिए रूसी मूल के एसयू-30एमकेआई जेट खरीदे जा रहे हैं. इन जेट का निर्माण अब एचएएल द्वारा अंतर-सरकारी ढांचे के तहत किया जा रहा है. मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'रक्षा मंत्रालय ने 12 एसयू-30एमकेआई लड़ाकू जेट खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 13,500 करोड़ रुपए का करार किया है. इन विमानों में 62.6 प्रतिशत घरेलू सामग्री होगी, जबकि प्रमुख कलपुर्जों का निर्माण भारतीय रक्षा उद्योग द्वारा किया जाएगा.' बयान के अनुसार, 'यह भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

# ईडी से परेशान होकर मनोज परमार और उनकी पत्नी ने फांसी लगाई

## इस हफ्ते में ईडी ने उनके मकान ऑफिस में की थी छापे मार करवाई






**आष्टा।** शुक्रवार सुबह शांति नगर में मनोज परमार और उनकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परमार ने एक पांच पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसे पुलिस ने जप्त किया है इसकी पुष्टि आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने की है। बता दे कि इस हफ्ते में एडी ने मनोज परमार के घर ऑफिस में रेड डाली थी और कागजात कंगाले दो-तीन दिनों से इसी को लेकर परमार परेशान थे उनके पुत्र और भाई ने बताया कि कल ही बांग्ला मुखी माताजी के दर्शन करने के लिए पूरा परिवार गया था और रात को वह बच्चों को सुलाया खुद दूसरे मकान में सोने चले गए थे सुबह 6¬30 बजे के लगभग मालूम पड़ा कि दोनों ने फांसी लगा ली है इस मामले में हर्षपुर के सरपंच और उनके भाई राजेश परमार ने बताया कि ईडी ने परेशान कर दिया था साथ में बीजेपी वाले भी उन्हें परेशान कर रहे थे इसी से परेशान होकर यह कदम उठाया। ईडी की जांच के कुछ दिन पश्चात शांति नगर निवासी मनोज परमार एवं उनकी पत्नी ने आत्महत्या की एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुष्टि की। मृतक ने आत्महत्या के पूर्व सोसाईट नोट लिखा। मौके पर नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव ने पहुंचकर सोसाईट नोट जब्त किया। मनोज परमार की मौत के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि एस्त्रद्ब ठ्ठद्द परेशान कर दिया था। ईडी की जांच के कुछ दिन पश्चात शांति नगर निवासी मनोज परमार एवं उनकी पत्नी ने आत्महत्या की एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुष्टि की। मृतक ने आत्महत्या के पूर्व सोसाईट नोट लिखा। मौके पर नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव ने पहुंचकर सोसाईट नोट जब्त किया। मनोज परमार की पत्नी का नाम नेहा परमार है । जतिन परमार16 जिया परमार 18,यश परमार 13 पुत्र पुत्री है। सरपंच और मनोज परमार के भाई राजेश परमार ने बताया कि ईडी वालों ने परेशान कर दिया था मेरे भाई को इसी को लेकर यहां कदम उठाया कल ही वहां बंगलामुखी मंदिर गया था और रात को बच्चों को सुलाकर खुद दूसरे मकान में सोने चले गया था बीजेपी वालों ने भी परेशान कर दिया था। कारोबारी मृतक मनोज परमार ने पत्नी सहित आत्महत्या करने से पहले लिखा सुसाइड नोट, देश के 17 टॉप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राहुल गांधी, सुप्रीम कोर्ट जस्टिस, ग्रह मंत्री, राज्यपाल, पुलिस स्त्रद्दश्च सहित , टॉप न्यूज चैनलों को सुसाइड से पहले लिखा पत्र ,सुसाइड नोट में ईडी पर भाजपा ज्वाइन करने के लिए दबाव बनाने के लगाए आरोप ईडी और भाजपा पर 7 बिंदुओं के सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप। मामला हाई प्रोफ़ाइल बना, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रतिक्रिया के बाद, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आष्टा में एक घंटे से डेरा जमाए हुए। जीतू पटवारी नेकारोबारी मृतक मनोज परमार के पुत्र जतिन परमार से की चर्चा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवार पहुंचे आष्टा मृतक पति पत्नी के पुत्र जतिन परमार और भाई राजेश परमार से की चर्चा , मृतक के पुत्र जतिन परमार ने श्चष्ठ पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और भाजपा ज्वाइन करने के आरोप लगाए ।

### ईडी ने परेशान कर दिया था

मनोज परमार के पुत्र जतिन परमार ने बताया कि मेरे पापा मम्मी को ईडी ने परेशान कर दिया था वहां मानसिक तनाव में थे जिसे परेशान होकर या कदम उठाया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार बोले

इस मामले में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में मनोज परमार के पुत्र ने गुल्लक टीम बनाकर भारत जोड़ो यात्रा में मदद की थी तभी से मनोज परमार भारतीय जनता पार्टी की नजर में थे। हाल ही कुछ दिनो पहले ईडी की रेड डलवाकर मनोज परमार एवं उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण मनोज परमार एवं उनकी पत्नी को आत्महत्या का कदम उठाना पड़ा। इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी करता हूं.

### ईडी और बीजेपी ने परेशान कर दिया था

इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि बीजेपी और ईडी ने मनोज परमार के परिवार को परेशान कर दिया था इसी को लेकर यह आज कदम उठाया है जो की दुखद है।

**रातापानी टाइगर रिजर्व, विश्व विख्यात पुरातत्वविद्**

# डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम विश्व विख्यात पुरातत्वविद डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा। रातापानी टाइगर रिजर्व में स्थित विश्व धरोहर भीमबेटका को डॉ. वाकणकर के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही पहचान प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की वन्य-जीव संपदा को और अधिक संपन्न करने के लिए रातापानी टाइगर रिजर्व की अनुमति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देश के समस्त राज्यों की राजधानियों में भोपाल ही एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आँगन में टाइगर रिजर्व विद्यमान है। इस सम्मान के लिए भोपालवासी और प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झिरी गेट से रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने टाइगर रिजर्व संबंधी जागरूकता के लिए आरंभ ÷विरासत से विकास÷ की अनूठी बाईक रैली को कोलार रोड स्थित गोल जोड़ से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं भी बाइक चला कर रैली की अगुवाई की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गोल जोड़ पर गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झिरी गेट पर रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया और हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों के सफारी वाहन को रवाना किया। इस दौरान फिल्म अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिनेता श्री हुड्डा की प्रशंसा और स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म में अपनी भूमिका के माध्यम से देश की स्वतंत्रता में वीर सावरकर के योगदान को वर्तमान पीढ़ी के लिए जीवंत कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर रातापानी टाइगर रिजर्व जैसी सौगात मिलने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह आनंद और उत्साह का अवसर है। इस उपलब्धि के रोमांच का प्रकटीकरण करते हुए रातापानी टाइगर रिजर्व के लोकार्पण पर बाइक रैली निकालकर जागरूकता के प्रचार-प्रसार का नवाचार किया गया। टाइगर रिजर्व से भोपाल में पर्यटन गतिविधियों के लिए बड़ी संभावना निर्मित हुई है।

## संपादकीय

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यादव पर महाभियोग की तैयारी

*न्यायपालिका लोकतंत्र का वह स्तंभ है जिस पर संविधान की रक्षा और नागरिक अधिकारों को सुनिश्चित कराने की महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी है। लेकिन जब न्यायपालिका की निष्पक्षता या आचरण पर सवाल उठने लगते हैं, तो स्पष्ट है कि वह अपनी भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही है। यह स्थिति देश के लोकतांत्रिक ढांचे और नागरिकों के अधिकारों पर गहरा प्रभाव डालती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव इसी पृष्ठभूमि में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकसभा के 100 से अधिक सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों ने मिलकर महाभियोग की तैयारी शुरू की है। न्यायाधीश यादव की विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में आपत्तिजनक टिप्पणियां और एक धर्म विशेष के धर्म गुरुओं पर टीका टिप्पणी करने का आरोप है। यह आरोप संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता और न्यायपालिका की निष्पक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। संविधान में प्रदत्त नियमों के अनुसार किसी भी न्यायाधीश को हटाने की गंभीर प्रक्रिया है। संविधान के अनुच्छेद 124 (4) और 124 (5) के तहत महाभियोग प्रस्ताव को संसद के दोनों सदनों में भारी समर्थन की आवश्यकता होती है। महाभियोग के लिए राज्यसभा के 50 सांसदों और लोकसभा में 100 सांसदों का समर्थन प्राप्त करना अनिवार्य होता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना है। भारत में न्यायाधीशों के खिलाफ एक या दो मामले में पहले महाभियोग लाए गए हैं। पिछले 75 वर्षों में न्यायपालिका को लेकर राजनेताओं और जनता के मन में हमेशा से विशेष सम्मान रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से न्यायपालिका के निर्णय और न्यायाधीशों का आचरण विवादित रहा है। न्यायालय में हमेशा दो पक्ष होते हैं। 70 फ़ीसदी से अधिक मामलों में एक पक्ष सरकार होती है।*

## पीड़ित पुरुष और कानून का दुरूपयोग



इन दिनों बंगलौर में एक इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या और इससे पहले उनके द्वारा लिखा 24 पन्नों का सुसाइड नोट तथा 90 मिनट का विडिओ जो इस आत्महत्या के कारणों का खुलासा करता है, लगभग सभी संचार माध्यमों में छाया हुआ है . अमूमन कोई भी हादसा महज़ एक खबर की शक्ल अख्तियार करता है जिसे एक दिन की ज़िन्दगी...या ज्यादा हुआ तो आजकल के प्रसारित सोशल माध्यमों पर शायद कुछ दिनों की ज़िन्दगी नसीब होती है और हम सब भूल जाते है लेकिन उनके लिए जिन्होंने अपना बेटा, अपना भाई, अपना हिस्सा...अपना अंश खोया है उनके लिए यह कभी न भूलने....कभी न भरने वाला घाव होता है . एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत युवा को उसकी पत्नी जो की स्वंय एक स्व्हृष्ट में कार्यरत है, द्वारा लगातार मानसिक एवं आर्थिक रुप से लगातार उत्पीड़ित किया जाता रहा और इसमें पत्नी के घर वाले भी उसके सहयोगी रहे . परिणति एक सक्षम युवा मजबूर होता है खुद को ख़त्म करने के लिए . यह न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक समस्या है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। न पर दायर 9 फर्ज़ी केस का संत्रास, लगातार उस पत्नी को पैसे देते रहना जिसकी शक्ल भी 3 साल से नहीं देखि हो का आर्थिक बोझ, अपने कार्यस्थल से दूर पिछ्ले 24 माह में 120 बार मुकदमो पर हाज़िरी होने की विवशता, और देश की न्यायव्यवस्था का असंवेदनशील व्यवहार उस युवा को बाध्य करता है एक सोच समझकर पूरी तयारी के साथ खुद को ख़त्म करने के लिए . श्री अतुल सुभाष ने अपने सुसाइड नोट में कोर्ट की एक बहस का ज़िक्र करते हुए लिखा है की-'कोर्ट में उन्होंने जज साहिबा को कहा की हृष्टत्र्क्क के डाटा के अनुसार फ़र्ज़ी दहेज़ मुकदमों की वज़ह से हर दिन इतने आदमी आत्महत्या कर लेते है, तो उनकी पत्नी कहती है- ÷तुम भी क्यों नही कर लेते ÷ इस पर जज साहिबा हँसकर उनकी पत्नी को बस बाहर जाने का बोलती है'. उस युवा के मानसिक संत्रास की चरमता को समझा जा सकता है जब वो लिखता है की -'अपने ही शत्रुओं को हर महीने पैसे देना यह जानते हुए भी की यह पैसा वो मेरे ही खिलाफ क़ानूनी लड़ाई को फ्यूल करने में इस्तेमाल करेंगे .'यह आत्महत्या पहली या आखिरी नही है पत्नी या महिला उत्पीड़न के कारण आये दिन अनगिनत पुरुष अन्याय को सहते है, संधर्ष करते कई मजबूर होकर अपनी जिवन लीला समाप्त कर लेते है कुछ अख़बार या सामाजिक माध्यमों के कारण संज्ञान में आते है तथा अनगिनत गुमनाम मर जाते है . अत्याचार सिर्फ महिलाओं पर ही नहीं होते, शोषित सिर्फ नारी नही होती, असंख्य मामलों में नारी के द्वारा पुरुष प्रताड़ित होता है, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक शोषण सहता है . हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज माना जाता है और हमने नारी को समानता का दर्जा देने, नारी सशक्तिकरण के प्रयास के रूप में न्याय व्यवस्था में एसे प्रावधान निर्मित किये गए जो नारी को न्याय दिलाने में सक्षम है, विडम्बना या इस व्यवस्था का कमज़ोर पहलु तब उजागर होता है जब इस न्याय व्यवस्था का दुरूपयोग होता है . जब तब दहेज़ कानून, शारीरिक शोषण कानून आदि को ढाल बनाकर पुरुष वर्ग को प्रताड़ित किया जाता रहा है, भयादोहन (Blackmail) किया जाता रहा है . न्यायव्यवस्था जिससे निष्पक्षता की अपेक्षा रहती है, अधिकांश मामलो में महिला के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के रहते या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते अपनी निष्पक्षता को दांव पर चढ़ा देती है और कई बार क्रूर हो जाती है यहाँ तक की पुरुष आत्महत्या की हद तक मज़बूर हो जाता है . आये दिन हम पढ़ते है की फलां लडकी इतने समय से लिव्-इन में रहती थी और महीनों या सालों उसका शारीरिक शोषण होता रहा अंततः उसने हिम्मत करके शिकायत करके रेप का केस दर्ज़ करवाया . हास्यास्पद यह है की चटखारे युक्त समाचार देने की कोशिश में अख़बारों की सुर्खियाँ भी इस तरह रंगीन होती है की 'बहला-फुसला कर' महिला का लगातार शारीरक शोषण किया गया . अरे ज़नाब हमारे देश का कानून 18 वर्ष की उम्र को बालिग होने का दर्ज़ा देता है, और हर बालिग इन्सान अपने अच्छे-बुरे फैसले के लिए स्वंय ज़िम्मेदार होता है फिर भला वो महिला जो सोच समझकर साथ रहती है, सम्बन्ध भी उसकी सहमती के बिना नही बने होंगे, उसका शारीरिक शोषण 'बहला-फुसला कर, उसकी मर्ज़ी के खिलाफ कैसे हुआ ? यकायक कुछ समय या कुछ सालों बाद जब मतभेद सर उठाते है तो कानून है न, जबरजस्ती का, रेप का, शारीरक शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया जाता है . यह कानून का मखौल है, न्याय व्यवस्था का मजाक है । समय की दरकार है कि हम महिला सशक्तिकरण और पुरुषों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाएं। सामाजिक और राजनैतिक नेतृत्व से गुज़ारिश है इन आये दिन होने वाली आत्म हत्या को महज़ एक खबर की शक्ल में पढ़कर भुला देने की आदत छोडिये और यह सुनिशिचित किजिये की न्याय सबका प्रथम अधिकार है चाहे महिला हो या पुरुष . यह अधिकार दोनों ही वर्ग को समान रूप से उपलब्ध हो . शिकायतों की गहन और निष्पक्ष जांच हो, ताकि निर्दोष व्यक्तियों को गलत सजा न मिले, कानूनों को लिंग-तटस्थ बनाए, झूठे मामलों पर सख्त कार्रवाई ताकि कानून का सम्मान बना रहे।

न्यायपालिका प्रत्येक पीड़ित, प्रत्येक शोषित की आखरी उम्मीद होती है जहाँ सिर्फ और सिर्फ न्याय मिलना चाहिए . यह उम्मीद कानून की लचर गलियों की वज़ह से या भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़कर दम नहीं तोड़े . किसी के भी द्वारा कानून का दुरूपयोग नहीं किया जा सके, कठोर प्रावधान के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये . एक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए हमें सभी के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करनी होगी।

## लघुकथा/कविता

### एक अनमोल रिश्ता

**कहानी**

काम की सख्त जरूरत थी,इसलिए वह उस कोठी पर पहुंच गई,जिसका पता विज्ञापन में दिया गया था। कोठी के गेट पर बने केबिन में बैठे गार्ड ने रानी को रोका और कहा,तुम्हारे आने की खबर मैं अभी मेमसाहब को दे आता हूं। जब वह बुलाएंगी, तब तुम अंदर चली जाना। रानी केबिन में रखे स्टूल पर बैठ गई। गार्ड कोठी के अंदर चला गया। रानी को बच्चों की देखभाल का कोई खास अनुभव नहीं था। यहां तक कि घर में उसके भाई का छोटा बेटा भी होता तो वह उससे दूरी बनाए रखती थी। कुछ देर बाद,कोठी से एक दूसरा गार्ड आया और उसने रानी को मेमसाहब के कमरे तक पहुंचा दिया।

कमरे में दाखिल होते ही रानी ने देखा कि वहां बैठी महिला मधु ने उसे मुस्कुराकर देखा। हालांकि, मधु को देखकर साफ लग रहा था कि वह बीमार है। उसका दुबला-पतला शरीर,चेहरे की पीली रंगत, अंदर धंसी आंखें और पास की टेबल पर रखी दवाएं उसकी हालत बयां कर रही थीं। बैठो,मधु ने धीमे स्वर में कहा। रानी ने डरते-डरते कुर्सी खींची और बैठ गई। मधु ने पूछा,तुम्हारा नाम क्या है ?

एक सुबह, जब रानी ने अंशु को नाश्ता कराया और खेलने के लिए ले जा रही थी,तभी उसने देखा कि मधु कमरे में अचेत पड़ी है। उसने तुरंत डॉक्टर को बुलाया,लेकिन डॉक्टर ने बताया कि मधु का निधन हो गया है। अंशु को यह समझाने में रानी को बहुत समय लगा कि उसकी माँ अब नहीं रही। मधु के परिवार का कोई सदस्य नहीं था। रानी ने तय किया कि वह अंशु की देखभाल करेगी। उसने खुद को पूरी तरह अंशु की जिंदगी में झोंक दिया। वह नौकरी करती और साथ ही अंशु को भी संभालती।

कई साल गुजर गए। अंशु बड़ी हो गई और उसने पढ़ाई पूरी कर ली। एक दिन उसने रानी से कहा, माँ,अगर आप नहीं होतीं,तो मेरा क्या होता ? रानी की आंखों में आंसू थे। उसने अंशु को अपने गले लगाते हुए कहा,तुम्हारी माँ ने मुझे तुम्हारे लिए चुना था। मैंने सिर्फ उनका वादा निभाया है। उस दिन रानी को एहसास हुआ कि उसने जो भी किया,वह केवल एक नौकरी नहीं थी, बल्कि एक अनमोल रिश्ता निभाया था।

**प्रेमनारायण वेद**
**इंदौर**

## व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...व्यापार....व्यापार...

### आरबीआई के नए गवर्नर मल्होत्रा के लिए ये पहली गुड न्यूज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महंगाई के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर आई है। गुरुवार को मोदी सरकार ने नवंबर में महंगाई दर के आंकड़े जारी किए, जो कि राहत भरे हैं। दरअसल, अक्टूबर माह में खुदरा महंगाई तेजी से बढ़ते हुए 6 फीसदी के पार चली गई थी, लेकिन नवंबर महीने में ये गिरकर 5.48 फीसदी रही है। केंद्र ने बताया कि खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की कीमतों में आई नरमी के चलते महंगाई कम हुई है। बुधवार को ही आरबीआई के गवर्नर का पद संभालने वाले संजय मल्होत्रा के लिए ये पहली गुड न्यूज आई है। गौरतलब है कि आरबीआई ने महंगाई दर को 4-6 फीसदी के दायरे में रखने का लक्ष्य तय किया है और नवंबर में ये फिर 6 फीसदी से नीचे आ गई है। भारत की खुदरा महंगाई दर इसके पिछले अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। जो कि सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। ऐसा माना जा रहा था कि त्यौहारी सीजन में हाई फूड प्राइस के कारण महंगाई दर में इजाफा हुआ है। अगस्त 2023 के बाद यह पहली बार था जब महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 प्रतिशत की सहनीय सीमा को पार कर चुकी थी। सितंबर में मुद्रास्फीति जुलाई के बाद पहली बार आरबीआई के मध्यम अवधि के लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई, जो 5.49 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। यानी कि महंगाई में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो लोगों की जेब पर असर डाल रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी सीपीआई डेटा के मुताबिक नवंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर घटकर 9.04 फीसदी पर आ गई, जो कि अक्टूबर माह में 10.87 फीसदी पर पहुंच गई थी। वहीं बीते साल नवंबर 2023 में ये 8.70 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, नवंबर 2024 के दौरान सब्जियों, दालों और फूड प्रोडक्ट्स, चीनी और मिठाई, फलों, अंडों, दूध मसालों की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। नवंबर महीने में अनाज की महंगाई दर 6.88 फीसदी दर्ज की गई, जो कि अक्टूबर में 6.94 फीसदी थी। दालों में महंगाई दर 7.43 फीसदी से घटकर 5.41 फीसदी पर आ गई। बता दें कि सीपीआई आधारिक रिटेल महंगाई दर जुलाई-अगस्त महीने में औसतन 3.6 फीसदी के स्तर पर था, लेकिन फिर सितंबर महीने में ये उछलकर 5.5 फीसदी पर पहुंची और अक्टूबर महीने में ये आरबीआई का तय दायरा तोड़ते हुए 6.21 फीसदी पर पहुंच गई थी। यहां बता दें कि बीते सप्ताह ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी किया था।

### सोना हुआ महंगा, चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली ।** देश के बाजारों में शुक्रवार को सोने के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि चांदी के भाव में सुस्ती देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव 78,050 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोना तेजी, जबकि चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रेक्ट 117 रुपये की तेजी के साथ 78,086 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 102 रुपये की तेजी के साथ 78,071 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 432 रुपये की गिरावट के साथ 92,201 रुपये पर खुला। इस समय यह 346 रुपये की गिरावट के साथ 92,287 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के भाव में नरमी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,704.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,709.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,712.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.56 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.61 डॉलर था। इस समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 31.47 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# 'विरासत : न्याय की तलवार' थीम पर हुआ वार्षिक उत्सव





**इंदौर।** चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में 'विरासत- न्याय की तलवार' थीम पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। आई सी आई के विद्यार्थियों ने कित्तुरु की रानी चेन्नम्मा की पहली जीत और विरासत का जश्न मनाया ।

मुख्य अतिथि ट्रस्टी श्री सतीश मोतियानी, स्कूल प्राचार्य और अन्य गणमान्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । विद्यालय के युवा संगीतकारों ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ ही छात्र- छात्राओं ने आकर्षक कत्थक नृत्य द्वारा देवी स्तुति प्रस्तुत की। जिसमें महिषासुर रूपी असुरों के विनाश को विश्वजननी नारी द्वारा जीवंतता से दर्शाया गया। स्तुति में देवी के रौद्र एवं कल्याणकारी स्वरूप को छात्राओं ने चित्ताकर्षक रुप से प्रस्तुत किया। वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा रानी चेन्नम्मा की इस विरासत को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक के प्रमुख पात्र आनंदिता हिंगोरानी, वैभवी सिंह, अथर्व, भुवन, रिदिमा और क्रिस्टोफ़र थे । इस नाटक का प्रारम्भिक दृश्य पी.वाय.पी. 4 और 5 के छात्रों ने मनमोहक नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया । रानी के जन्मोत्सव को ई.वाय.पी.और पी.वाय.पी. के नन्हें बच्चों ने मनभावन बनाया।

इसके उपरांत कार्यक्रम के मध्य में स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल ने विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का जानकारी दी। मुख्य अतिथि एवं स्कूल की उप-प्राचार्या श्रीमती ऋचा चतुर्वेदी ने चयनित छात्रों को उनकी उत्कृष्ट सफलताओं के लिए पुरस्कार और स्मृति-चिन्ह प्रदान किए। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और राष्ट्रगान के साथ यह समारोह सम्पन्न हुआ ।

# प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य प्रशासन ने मरीजों की सुविधा के लिए फैसला लिया

## एक्स्ट्रा चार्ज लेना गंभीर अपराध

**पीथमपुर।** नगर में अब जांच और ट्रिटमेंट की रेट लिस्ट प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को लगाना अनिवार्य है। ये निर्देश गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य-चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण राठी ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

प्रशासन ने ये कदम अस्पतालों और नर्सिंग होम्स की महंगी फीस को देखते हुए उठाया है। ताकि मरीजों को लूटने से बचाया जा सके। इसके तहत निजी अस्पताल या नर्सिंग होम्स को खर्च का ब्योरा सार्वजनिक करना होगा। वहीं मैनेजमेंट को बताना होगा कि उनके अस्पताल या नर्सिंग होम में किस जांच की कितनी फीस ली जाती है। रेट लिस्ट के बिना अतिरिक्त शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

### रेट लिस्ट में बदलाव से पहले लिखित में बताना अनिवार्य

वहीं रेट लिस्ट में बदलाव से पहले मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित तौर पर बताना अनिवार्य होगा। निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि अस्पतालों में किसी भी तरह का एक्स्ट्रा चार्ज लेना गंभीर अपराध माना जाएगा।

# खेती-किसानी : गेहूं की अपेक्षा लहसुन-प्याज के मिलते हैं अधिक दाम, बोले-किसान

## किसानों ने इस बार अच्छे भाव की उमीद में बोया लहसुन-प्याज

**पीथमपुर।** इस वर्ष क्षेत्र में लहसुन व प्याज की खेती में किसानों द्वारा ज्यादा ध्यान दिया गया है। रबी सीजन की मुय फसल गेहूं के प्रति किसानों का रुझान कम होता दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष गेहूं का उत्पादन पाला पड़ने की वजह से आधा ही रह गया था। जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन जिन किसानों ने गेहूं के बजाय लहसुन व प्याज लगाई थी वह फायदे में रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल किसानों ने लहसुन-प्याज की खेती की है। वर्तमान में 25000 रुपए क्विंटल तक लहसुन बिक रही है। जिसकी वजह से किसान वर्ग खेत में खड़ी लहसुन फसल पर दवाई, खाद में अतिरिक्त खर्च भी कर रहे विशेष रुप से देखभाल भी कर रहे हैं। ताकि फसल का उत्पादन अधिक मिले और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

15 जनवरी तक आएगी नई लहसुन- जिन किसानों ने अगस्त में लहसुन की बोवनी कर दी थी। उन की लहसुन 15 जनवरी तक बाजार में आ जाएगी। हालांकि जल्दी बोई गई लहसुन फसल का उत्पादन बहुत कम रहता है, लेकिन भाव अधिक मिलने की वजह से किसानों द्वारा अगस्त में बोवनी कर दी जाती है। किसानों का कहना है कि जब रुपए की आवश्यकता पड़ती है, तब थोड़ी-थोड़ी लहसुन बेचकर अपना काम भी चला लेते हैं। प्याज की बात की जाए तो क्षेत्र में प्याज के प्रति भी किसान आकर्षित हो रहे हैं। इस बार अनेक किसानों ने प्याज की नर्सरी के बजाय सीधे खेतों में सीड ड्रिल से बोवनी की है। हालांकि, इसमें उत्पादन कम आता है। लेकिन मांग अधिक एवं भाव अच्छे मिलने से किसानों का रुझान बढ़ा है।

# रंग-ए-बाघ उत्साह और रचनात्मकता के साथ संपन्न

**इंदौर।** JITO Ladies Wing के सत्र 24-26 का पहला कार्यक्रम रंग-ए-बाघ बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयरपर्सन प्रियंका जैन, चीफ सेक्रेटरी प्रिया संघवी, वाइस चेयरपर्सन संध्या कुमट, कन्वीनियर पूजा जैन, और अडवाइजरी बोर्ड की अर्चना मेहता, प्रभा गोड़ावत, गर्विता जैन और अनुभूति जैन का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, बिलाल खत्री ने बाग प्रिंट कला की जानकारी दी, जबकि डॉ. पल्लवी जोशी कापुरिया ने इसे ऑनलाइन व्यापार में बदलने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। 100 से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और बाग प्रिंट कला सीखी। इस दौरान, JITO ने अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज का भव्य शुभारंभ किया।



# मालवा-निमाड़ अंचल में बिजली की मांग उच्च स्तर पर

## रबी सीजन के दौरान 42 दिन में 475 करोड़ यूनिट बिजली वितरित

**इंदौर।** रबी की सीजन की प्रमुख अवधि नवंबर, दिसंबर में मालवा निमाड़ में बिजली की मांग उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। दिसंबर प्रथम सप्ताह में बिजली की मांग 7250 मैगावाट से ज्यादा रही, यह गत वर्ष से आंशिक रूप से ज्यादा हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि मांग के अनुसार बिजली आपूर्ति की जा रही है। मांग के मुताबिक ही सबसे ज्यादा आपूर्ति इंदौर, धार, देवास, उज्जैन, खरगोन जिलों में हो रही हैं, इन जिलों में दैनिक आपूर्ति 1 करोड़ यूनिट से लेकर 1.70 करोड़ यूनिट तक हैं। वहीं अन्य जिलों में 35 लाख यूनिट से 80 लाख यूनिट तक हैं। कंपनी क्षेत्र में 1 नवंबर से 12 दिसंबर तक 42 दिनों में 475 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली आपूर्ति हो चुकी हैं। यह गत वर्ष समान अवधि से ज्यादा हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान 11.75 करोड़ यूनिट की आपूर्ति की गई। प्रबंध निदेशक ने बताया का मुख्यालय पर कार्यपालक निदेशक स्तर के अधिकारी एवं जिलों में अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारी आपूर्ति संबंधी मानिटरिंग कर रहे हैं।

# बिजली के हजारों प्रकरण समाधान की प्रभावी तैयारी

**इंदौर।** शनिवार 14 दिसंबर को इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत होना हैं। इसकी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से प्रभावी तैयारी की गई हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री कामेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के मार्गदर्शन में लोक अदालत की मुख्यालय की ओर से प्रभावी तैयारी कर छूट के संबंध में नोटिस दिए गए हैं। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, रतलाम जिलों में सर्वाधिक नोटिस दिए गए हैं, इन जिलों में हजारों नोटिसों का वितरण कर समझौते के लिए ऊर्जा विभाग के आदेशानुसार अपील की गई हैं। इस लोक अदालत में 50 हजार रूपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौता हो सकेगा। मुख्य सतर्कता अधिकारी ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन के निम्नदाब श्रेणी के पात्र घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट देंगे।

# सी.एस.आर योजना तहत वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित होंगे

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में सी.एस.आर योजना के तहत वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाने के संबंध में स्वास्थ्य परीक्षण चिन्हांकन शिविर आयोजित किये जायेंगे। उक्त शिविरों की श्रृंखला के तहत 23 दिसम्बर को ग्राम पंचायत खुडेल बुजुर्ग में जनपद पंचायत इंदौर ग्रामीण क्षेत्र एवं सम्मिलित नगर पंचायत राऊ के लिये शिविर आयोजित होगा। 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत मुख्यालय महू में जनपद पंचायत ग्रामीण क्षेत्र एवं सम्मिलित समस्त न.प. केन्टोमेंट बोर्ड छावनी के लिये शिविर आयोजित होगा। 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत मुख्यालय सांवेर में जनपद पंचायत सांवेर एवं सम्मिलित समस्त नगर पंचायत क्षेत्र के लिये शिविर आयोजित होगा। 30 दिसम्बर को जनपद पंचायत मुख्यालय देपालपुर में जनपद पंचायत देपालपुर के ग्रामीण क्षेत्र एवं सम्मिलित समस्त नगर पंचायत क्षेत्र के लिये शिविर आयोजित होगा। 31 दिसम्बर को जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी भवन) समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा आयटीआई के पास इंदौर में नगरीय क्षेत्र के लिये शिविर आयोजित होगा। लोकोमोटर विकलांगता के मामले में दिव्यांगजनों को मोटर चलित ट्राइसाइकिल (80 प्रतिशत से अधिक विकलांग) होने पर, व्हीलचेयर, हाथ से चलने वाली ट्रायसाइकिल, बैसाखी हेतु चिन्हांकन किया जाएगा। दृष्टिबाधित दिव्यांगों के मामले में दिव्यांगजनों को स्मार्ट फोन, ब्रेल किट, सुगम्य केन के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। सी.पी दिव्यांगो को सी.पी चेयर आदि के लिए अनुशंसित किया जाएगा। शिविर में एडिप योजना एवं वयोश्री योजना में निहित प्रावधानों के अनुसार एलिम्को कम्पनी द्वारा दिव्यांगजनों को चयनित किया जायेगा।

# श्री चंद्रवंशी यादव समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

**इंदौर।** श्री चंद्रवंशी यादव समाज के वार्षिक आयोजन के अंतर्गत दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया... समाज के श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर परदेसीपुरा पर भगवान राधा कृष्ण की महाआरती भी की गई.... समाज के अध्यक्ष श्री संतोष यादव ने बताया कि आज आयोजन के अंतर्गत 151 कन्याओं का पाद-पूजन भी किया गया... पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हुए इस आयोजन के पश्चात कन्याओं को उपहार भी प्रदान किए गए... इसके पश्चात हाल ही में दशहरा मैदान से लालबाग तक मातृशक्ति के माध्यम से निकले विशाल शस्त्र प्रदर्शन एवं यात्रा के आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया... जिसमें सरस्वती पेंढारकर,भाजपा मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी, सरिता लोखंडे, प्रियंका तिवारी, रितु श्रीवास्तव, प्रज्ञा



दीदी, रेखा यादव एवं रचना यादव का सम्मान किया गया। इसके पश्चात अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों ने सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को भव्यता प्रदान की। इसके पूर्व अतिथि स्वागत समाज के अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्षद्वय विशाल यादव, नारायण सिंह यादव, सचिव ललित यादव, संयुक्त सचिव रोहित यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव एवं सदस्य जीतू यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंदौर नगर निगम सभापति श्री मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, शैलेश यादव,राजेंद्र सगर, विनोद कदम, राजू सगर, संजय यादव, घनश्याम यादव, कांतिलाल राजेंद्र कदम, गंगा सिंह मानसिंह यादव, सुनील यादव, गजेंद्र यादव, विजय कदम, अशोक निम,महेश यादव, राजकुमार वरुण, यशवंत मोरे,राजेश यादव, गब्बर कदम के साथ ही महू से भी समाजसेवी जन उपस्थित थे।

## साइबर क्राइम विशेषज्ञ वीरेंद्र कोठारी द्वारा डिजिटल सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**इंदौर।** बालाजी स्काइज़ निपानिया क्लब हाउस मे में साइबर क्राइम विशेषज्ञ श्री वीरेंद्र कोठारी द्वारा डिजिटल सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सोसायटी के युवा बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सोसायटी निवासियों को डिजिटल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। श्री वीरेंद्र कोठारी ने बताया कि आजकल डिजिटल दुनिया में साइबर क्राइम की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए, यह जरूरी है कि हम अपने डिजिटल जीवन को सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए हमें अपने पासवर्ड को मजबूत रखना चाहिए, संदिग्ध ईमेल और मैसेज को न खोलना चाहिए और अपने डिवाइस को नियमित रूप से अपडेट करना चाहिए। इस सत्र में बच्चों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित कई सवाल पूछे, जिनके जवाब श्री वीरेंद्र कोठारी ने दिए। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा के लिए हमें अपने बच्चों को भी जागरूक करना चाहिए, ताकि वे साइबर क्राइम से बच सकें।इस सत्र के अंत में, श्री वीरेंद्र कोठारी ने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने होंगे। हमें अपने डिजिटल जीवन को सुरक्षित रखना होगा और साइबर क्राइम से बचना होगा।

## बढ़ती ठंड ; पहनाएं गर्म ऊनी कपड़े......



**इन्दौर** ( संजय डागा )छत्रीबाग के प्राचीन पाढ़ाय माता दुर्गा मंदिर के महंत गोपालजी व्यास और परिवार द्वारा शीतकाल में माताजी का श्रृंगार गर्म और ऊनी वस्त्रों से किया जा रहा है ।।

# गिरोठिया ब्रदर्स दे रहे इंदौरियो को नया स्वाद

**इन्दौर** घर में ही तैयार करते हैं ब्रेड, नॉट फोर सेल का टैग लगाते हैं घर में ही तैयार करते हैं ब्रेड नॉट फोर सेल का टैग लगाते हैंइंदौर ही नहीं, देश विदेश में भी फेमस हैं इन का सेंडविच जब लोग घूमने इंदौर आते हैं

तो सैंडविच जरूर खाते हैं गिरोठिया ब्रदर्स ने बताया, हमारे यहां रोजाना 100 से ज्यादा पैकेट ब्रेड की खपत हो जाती है। एक दिन में करीब 300 सैंडविच बनाते हैं। वीकेंड पर तो यह संख्या 500 से अधिक हो जाती है। गर्मी के दिनों में हमारे यहां एक हजार तक सैंडविच बिक जाती हैं। इनमें ऑनलाइन



ऑर्डर भी शामिल हैं। तैयार होने के बाद एक सैंडविच का वजन 800 ग्राम तक हो जाता है। इस जंबो सैंडविच की कीमत 150 रुपए है। इसको दो भाई मिलकर बनाते हैं वैभव गिरोठिया आयुष गिरोठियाघर पर सैंडविच बनाने से की नई शुरुआत राजेश गिरोठिया बताते हैं कि जब मैंने सैंडविच बनाने की दुकान शुरू की थी, तब इसका रेट 60 रुपए रखा था। बाकी जगह 30 से 40 रुपए में सैंडविच बिकता था। हमारे रेट सुनकर कम ग्राहक आते थे। परिवार वाले भी कहते थे कि इतनी महंगी और बड़ी सैंडविच कौन खाएगा, लेकिन मैंने टेस्ट और साइज के साथ कभी कंप्रोमाइज नहीं किया।

धीरे-धीरे लोग हमारे सैंडविच पसंद करने लगे। क्वालिटी और क्वांटिटी मेंटेन करने में 60 रुपए की सैंडविच अब 150 रुपए की हो गई है। पिछले 10 साल से इसका रेट यही है। अब लोग सैंडविच खाने के लिए 15 से 20 मिनट का इंतजार भी करते हैं। एक प्लेट वाले जंबो सैंडविच को एक परिवार आराम से खा सकता है।

# ज्ञान प्रेम अवॉर्ड्स 2024 कार्यक्रम संपन्न

**इंदौर।** कर्मयोगी शिक्षाविद् स्व- श्री जी. पी. तिवारी जी पूर्व अपरसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय मप्र की स्मृति में स्थापित संस्था ज्ञान प्रेम एजुकेशन एंड सोशल डेवलेपमेंट सोसायटी द्वारा शिक्षा ऐवम सामाजिक क्षेत्र में कार्य करती है!

इस वर्ष का ज्ञान प्रेम 2024 अवॉर्ड्स का कार्यक्रम मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति के सभागार में अपनी वांछित ऊंचाइयों को स्पर्श करता हुआ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस समारोह में गणमान्य अतिथिगण माननीय राकेश श्रीवास्तव जी सेवानिवृत श्री नरेंद्र धाकड़ पूर्व कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय श्री श्याम पाण्डेय संस्था अध्यक्ष श्री अशोक अधिकारी जी ; समाज सेवी ऐवम श्री एल के पांडे; पूर्व अपर श्रम आयुक्त समारोह में अतिथियों के कर कमलों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 विभूतियों का शॉल श्रीफल मणिमाला एवं अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इनका हुआ सम्मान श्री नर्मदा प्रसाद जी उपाध्याय : साहित्य, श्री ओ पी जोशी. पर्यावरण, विनोद जी मोहने ; उद्धम स्वरोजगार, प्रोफेसर चेतन सोलंकी = सोलर एनर्जी, श्री





सूर्यप्रकाश जायसवाल = समाजसेवी दिव्यांग, श्रीमती लिली संजय डाबर समाजसेवी, शिक्षाविद, सुश्री हर्षिता जायसवाल गायिका, श्रीमती नीता वैष्णव क्रीड़ा संस्था के 21 वर्ष पूर्ण होने के प्रसंग पर इस वर्ष संस्था के प्रमुख सदस्यों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया !

अतिथियों ने आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने परिजन की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन करना वास्तव में प्रशंसनीय है। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया। कोषाध्यक्ष श्रीमती रूपाली तिवारी के साथ चिन्मय मिशन की बालिकाओं ने मधुर स्वरों में सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत व स्मृति चिन्ह सक्रिय सदस्यों और पदाधिकारियों ने किया!

संस्था अध्यक्ष श्याम पाण्डेय ने स्वागत उदबोधन देकर आज के आयोजन की रूपरेखा बताई। मानद सचिव आशीष तिवारी ने संस्था परिचय देते हुए संस्था की गतिविधियो पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में संस्था के सहसचिव अनिल ओझा ने काव्यात्मक आभार प्रकट किया ! कार्यक्रम प्रभावी सुसंचालन संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती सुनैना शर्मा जी ने किया। सहभोज के साथ आयोजन सानंद संपन्न हुआ।

# ईडी से परेशान होकर मनोज परमार और उनकी पत्नी ने फांसी लगाई

## इस हफ्ते में ईडी ने उनके मकान ऑफिस में की थी छापे मार करवाई

(प्रथम पृष्ठ से जारी)

शुक्रवार सुबह शांति नगर में मनोज परमार और उनकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परमार ने एक पांच पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है जिसे पुलिस ने जप्त किया है इसकी पुष्टि आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने की है। बता दे कि इस हफ्ते में एडी ने मनोज परमार के घर ऑफिस में रेड डाली थी और कागजात कंगाले दो-तीन दिनों से इसी को लेकर परमार परेशान थे उनके पुत्र और भाई ने बताया कि कल ही बांग्ला मुखी माताजी के दर्शन करने के लिए पूरा परिवार गया था और रात को वह बच्चों को सुलाया खुद दूसरे मकान में सोने चले गए थे सुबह 6-30 बजे के लगभग मालूम पड़ा कि दोनों ने फांसी लगा ली है इस मामले में हर्षपुर के सरपंच और उनके भाई राजेश परमार ने बताया कि ईडी ने परेशान कर दिया था साथ में बीजेपी वाले भी उन्हें परेशान कर रहे थे इसी से परेशान होकर यह कदम उठाया। ईडी की जांच के कुछ दिन पश्चात शांति नगर निवासी मनोज परमार एवं उनकी पत्नी ने आत्महत्या की एसडीओपी



आकाश अमलकर ने पुष्टि की। मृतक ने आत्महत्या के पूर्व सोसाईट नोट लिखा। मौके पर नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव ने पहुंचकर सोसाईट नोट जब्त किया। मनोज परमार की मौत के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि एस्त्रद्ध ठुद्द परेशान कर दिया था। ईडी की जांच के कुछ दिन पश्चात शांति नगर निवासी मनोज परमार एवं उनकी पत्नी ने आत्महत्या की एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुष्टि की। मृतक ने आत्महत्या के पूर्व सोसाईट नोट लिखा। मौके पर नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव ने पहुंचकर सोसाईट नोट जब्त किया। मनोज परमार की पत्नी का नाम नेहा परमार है । जतिन परमार16 जिया परमार 18,यश परमार 13 पुत्र पुत्री है। सरपंच और मनोज परमार के भाई राजेश परमार ने बताया कि ईडी वालों ने परेशान कर दिया था मेरे भाई को इसी को लेकर यहां कदम उठाया कल ही वहां बंगलामुखी मंदिर गया था और रात को बच्चों को सुलाकर खुद दूसरे मकान में सोने चले गया था बीजेपी वालों ने भी परेशान कर दिया था। कारोबारी मृतक मनोज परमार ने पत्नी सहित आत्महत्या करने से पहले लिखा सुसाइड नोट, देश के 17 टॉप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राहुल गांधी, सुप्रीम कोर्ट जस्टिस, ग्रह मंत्री, राज्यपाल, पुलिस स्त्रद्दश्च सहित , टॉप न्यूज चैनलों को सुसाइड से पहले लिखा पत्र ,सुसाइड नोट में ईडी पर भाजपा ज्वाइन करने के लिए दबाव बनाने




के लगाए आरोप ईडी और भाजपा पर 7 बिंदुओं के सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप। मामला हाई प्रोफ़ाइल बना, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रतिक्रिया के बाद, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आष्टा में एक घंटे से डेरा जमाए हुए। जीतू पटवारी नेकारोबारी मृतक मनोज परमार के पुत्र जतिन परमार से की चर्चा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवार पहुंचे आष्टा मृतक पति पत्नी के पुत्र जतिन परमार और भाई राजेश परमार से की चर्चा , मृतक के पुत्र जतिन परमार ने श्वष्ठ पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और भाजपा ज्वाइन करने के आरोप लगाए ।

### ईडी ने परेशान कर दिया था

मनोज परमार के पुत्र जतिन परमार ने बताया कि मेरे पापा मम्मी को ईडी ने परेशान कर दिया था वहां मानसिक तनाव में थे जिसे परेशान होकर या कदम उठाया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार बोले

इस मामले में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में मनोज परमार के पुत्र ने गुल्लक टीम बनाकर भारत जोड़ो यात्रा में मदद की थी तभी से मनोज परमार भारतीय जनता पार्टी की नजर में थे। हाल ही कुछ दिनो पहले ईडी की रेड डलवाकर मनोज परमार एवं उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण मनोज परमार एवं उनकी पत्नी को आत्महत्या का कदम उठाना पड़ा। इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी करता हूं.

### ईडी और बीजेपी ने परेशान कर दिया था

इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि बीजेपी और ईडी ने मनोज परमार के परिवार को परेशान कर दिया था इसी को लेकर यह आज कदम उठाया है जो की दुखद है।

### सुसाइड नोट जप्त किया है

आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया है कि मनोज परमार और उनकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है उनके पास से एक 5 पेज का सुसाइड नोट भी जप्त किया है। केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित जिला स्तरीय लोक नृत्य एवं पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न

रतलाम। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय कला एंव विज्ञान महाविद्यालय रतलाम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा जिला स्तरीय लोक नृत्य एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य वास्तोष्पति शास्त्री के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों एवं निर्णायकों के स्वागत पश्चात जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से आई हुई प्रविष्ट्यिों की पुष्ठि के पश्चात लाट द्वारा प्रतिभागियों का क्रम निर्धारण कर प्रतियोगिता आरम्भ की गई। एकल एवं समूह लोकनृत्य में प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़ कर एक रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिसमें निर्णायकों द्वारा एकल लोक नृत्य में प्रथम स्थान खुशी प्रजापत कक्षा बी.ए.प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय सैलाना, द्वितीय स्थान पर पायल राठौर कक्षा बी.एस.सी. प्रथम वर्ष शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम एवं तृतीय स्थान पर अक्षिता पांचाल बी.एस.सी. प्रथम वर्ष पी.एम.सी.ओ.ई. शास. कला एवं विज्ञान महा. रतलाम रहीं। समुह लोकनृत्य विद्या में प्रथम पायल राठौर के नेतृत्व में शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम, द्वितीय स्थान पर खुशी प्रजापत के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय सैलाना एवं तृतीय स्थान पर पूजा कुंवर सिसौदिया के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय जावरा रहा। नृत्य विद्या के निर्णायक डॉ. रश्मि सक्सेना, श्रीमती अंशु मिश्रा श्रीमति पूर्वा भंवरिया रहे। जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी जोशी बी.ए., द्वितीय स्थान रंजना भाटी बी.एस.सी. तृतीय स्थान हर्षिता गोमे बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक श्री एल्डिन लुईस, श्रीमति नेहा वर्मा, श्रीमति योगिता राजपुरोहित रहे। कार्यक्रम में दल प्रबंधकों के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिलीप पंवार, डॉ. राजेश टेपन, डॉ. कृष्णा अग्रवाल आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परम्परा के नोडल डॉ. आकाश ताहिर द्वारा किया गया तथा आभार डॉ. सुशीला आर्य संयोजक भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्त किया गया।

## रिंग रोड किनारे मिला शव-हाथ पर लिखा उमाशंकर शर्मा रायपुर निकुनिया, जांच में जुटी पुलिस



**रतलाम।** बंजली से स्टे रिंग रोड किनारे शुक्रवार को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मृत व्यक्ति के हाथ पर उमाशंकर शर्मा रायपुर निकुनिया लिखा है। शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को मेडिकल कॉलेज भेजा। बंजली ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि भूरालाल डाबी ने बताया कि सुबह 8.30 बजे सूचना मिली कि अज्ञात व्यक्ति का शव रिंग रोड के पास नंदलाई घंटे के पास सड़क किनारे पड़ा है। थाना औद्योगिक पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस के अनुसार मृत व्यक्ति की उम्र करीब 40 से 42 साल की है। पुलिस हाथ पर लिखे नाम अनुसार जिले के गांवों में पता कर रही है। दोपहर तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। मर्ग कायम कर लिया गया है।

## कन्या महाविद्यालय रतलाम में रोजगार अवसरों पर विशेष व्याख्यान

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत रोजगार अवसरों पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, करियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. माणिक डांगे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ.सुरेश कटारिया ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यानों का भरपूर लाभ छात्राओं को उठाना चाहिए ,कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भूपेंद्र कपूर ने आई टी के क्षेत्र में करियर अवसरों पर छात्राओं विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कंप्यूटर भाषाओं को सीखकर,स्किल डेवलप कर आई टी सेक्टर में करियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर दोनों ही क्षेत्रों के अवसरों की जानकारी श्री कपूर ने छात्राओं को दी। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता क्रीड़ा अधिकारी डॉ.दीप्ति बंसोड ने छात्राओं को महिला अग्निवीर योजना की जानकारी दी,उन्होंने बताया महिला अग्निवीर, केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों में शामिल होने वाली महिलाएं हैं। इस योजना के तहत, पुरुष और महिलाएं चार साल के लिए सशस्त्र बलों में शामिल हो सकते हैं। महिलाएं, सेना में कई पदों पर भर्ती हो सकती हैं, जैसे कि- जनरल ड्यूटी (त्रष्ठ), टेक्निकल (एविएशन/अम्युनिशन एग्जामिनर), क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन आदि कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. मीना सिसोदिया द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सुनीता जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ सदस्य डॉ.मधु गुप्ता, डॉ.वी. एस. बामनिया, प्रो.सौरभ गुर्जर सहित प्राध्यापक व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का आयोजन

## खेल चेतना मेला के लिए तैयार हो रहे शहर के मैदान

**रतलाम।**

क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित 25वां खेल चेतना मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। रजत जयंती वर्ष में होने वाले खेल मेला के पूर्व शहर के सभी मैदानों को तैयार किया जा रहा है।



मैदानों की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के लिए आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन सहित खेल संयोजक मैदान पर पहुंचे और मैदान में अब तक हुई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान क्रीड़ा भारती सचिव अनुज शर्मा, खेल संयोजक आर.सी. तिवारी, अश्विनी शर्मा, सुरेश माथुर, जितेंद्र धुलिया, दुर्गाशंकर मोयल आदि उपस्थित रहे।

आयोजन समिति एवं खेल संयोजकों के द्वारा शहर के नेहरू स्टेडियम के साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के खेल मैदान पर पहुंचकर यहां आयोजित होने वाली अन्य खेल गतिविधियों के लिए तैयार हो रहे मैदान को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। खेल चेतना मेला को लेकर अब तक 90 से अधिक स्कूलों की एंट्री प्राप्त हो चुकी है। शेष बचे स्कूलों की एंट्री भी आ रही है।

आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने बताया कि रजत जयंती वर्ष में 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले खेल चेतना मेला को भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसमें 18 खेलों में दस हजार से अधिक स्कूली बच्चों की सहभागिता होगी। नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस के मैच होंगे। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय परिसर में एथलेटिक्स एवं हॉकी, कालिका माता सत्संग हॉल में शरीर सौष्ठव, संत कंवरराम नगर क्रीड़ा केंद्र पर योग, मलखंब एवं स्केटिंग होगी। रेलवे ग्राउंड पर फुटबॉल, डीआरएम ऑफिस रेलवे ऑफिसर क्लब पर तैराकी, सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट पर बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन होगा। विधि महाविद्यालय में शतरंज और सेठिया ग्राफिक्स स्टेशन रोड पर शूटिंग की स्पर्धा होगी।







68 वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी क्रीड़ा प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में झारखंड टीम विजेता रही

# खेल जीवन का सबसे शानदार और बेहतरीन प्रतिबिंब है : हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी

**मंदसौर।**

68वीं राष्ट्रीय शालेय हॉकी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में समापन हुआ। हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में हॉकी का मैच प्रात- 10.00 बजे मध्य प्रदेश और झारखंड के बीच में शुरू हुआ। उक्त प्रतियोगिता में फाइनल विजेता झारखंड की टीम रही एवं उपविजेता मध्य प्रदेश की टीम रही।

इसमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चली। जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से 25 राज्यों की 14 वर्ष से कम उम्र की बालिका वर्ग की 25 टीमें तथा दो सीबीएसई एवं विद्या भारती की टीम इस प्रतियोगिता में भाग लिया। हॉकी के विभिन्न मैच मंदसौर के चार खेल मैदानों एस्ट्रोटर्फ, उत्कृष्ट स्कूल, नूतन स्टेडियम के पास फुटबॉल मैदान व जग्गाखेड़ी स्थित सरस्वती विद्यालय में 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक खेले गए।

फाइनल प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला खेल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, 25 राज्यों के हॉकी खिलाड़ी, कोच, मैनेजर, स्कूल के बच्चे, पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी द्वारा कहा गया कि खेल जीवन का सबसे शानदार प्रतिबिंब होता है। यहां सबको पहले चोट लगती है, उसके पश्चात मुकाम प्राप्त होता है और अच्छा खिलाड़ी गोल की तरफ जाता है। यहां का मुकाबला चक दे इंडिया से कम नहीं था, बल्कि उससे ज्यादा अच्छा लगा। मंदसौर का आयोजन बहुत ही खूबसूरत आयोजन था। मंदसौर की प्रतियोगिता देखी बहुत अच्छा लगा। विगत 10 सालों में सबसे अच्छा टूर्नामेंट मंदसौर का देखने में लगा। मध्यप्रदेश की टीम ने भी बहुत अच्छा प्रयास किया। मैंने जीवन में हॉकी का दामन कभी नहीं छोड़ा। मैं हमेशा मैदान में रहता था। वूमेन टूर्नामेंट में हमने सभी गोल्ड मेडल लिए। जीवन में सबको समस्या आती है, जो अच्छा खिलाड़ी होता है वह उनसे लड़ना जानता है, सभी खिलाड़ी अच्छे इंसान बनकर उभरे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दूर-दूर से बच्चे मंदसौर खेलने के लिए आए। सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हम सब की मेहनत सफल हुई। सब ने बेहतर तरीके से मैच देखा और आनंद लिया। मैच देखकर ऐसा लगा कि इंडिया का हॉकी के क्षेत्र में बहुत उज्जवल भविष्य होने वाला है। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव क्षण हैं। सौभाग्य की बात है कि हमको नेगी जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिले हैं। सभी को प्रतियोगिता की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। प्रतियोगिता समापन के पश्चात विजेता टीम को हॉकी स्टिक मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान की गई। सभी मैनेजर एवं कोच को प्रतीक चिन्ह दिया गया। सभी खिलाडयिों से परिचय प्राप्त किया गया एवं जितने भी खिलाड़ी जो अलग-अलग राज्य से आए थे उनका सम्मान किया गया।

# ठिठुरन वाली कड़ाके की ठंड शुरू

**भानपुरा (मन्दसौर)** । विगत 4 दिनों से क्षेत्र में शिमला, श्रीनगर, नैनीताल तथा हरिद्वार व उत्तर क्षेत्र की पहाडयिों के माफिक ठन्डे मौसम का एहसास हो रहा है इन दिनों भानपुरा नगर व ग्रामीण अंचल में बर्फीली ठंडी तीखी हवाएं चलने से कड़ाके की सर्दी गिर रही है। कड़ाके की सर्दी गिरने से आमजन गर्म कपड़ों में लिपटकर एवं अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। बर्फीली ठंडी तीखी हवाएं चलने से कड़ाके की सर्दी को देखते हुए नगर परिषद भानपुरा ने विगत तीन



दिनों से नगर में प्रमुख चौराहों सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्थाएं की है। इसके चलते नगर के प्रमुख स्थानों पर रात्रि में अलाव जलाए जाने से लोगों के साथ ही निराश्रित मवेशी भी अलाव के आसपास आकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। ठंड के मौसम को देखते हुए नगर परिषद द्वारा नया बस स्टैंड पर रेन बसेरा की सुविधा विगत कुछ दिनों पहले से शुरू कर दी है।

नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया ने बताया कि वर्तमान में बर्फीली ठंडी हवाओं के साथ सर्दी तेज गिर रही है। इसको लेकर नगर ने नगर परिषद द्वारा अलाव जलाए जाने की व्यवस्थाएं विगत तीन-चार दिनों से कर दी गई है। साथ ही नया बस स्टैंड पर रेन बसेरा की व्यवस्था भी विगत दिनों कर दी गई थी।

## अग्रिम कर की किस्त समय से जमा करें- आईटीओ संजीव कुमार मलिक

**मन्दसौर।** आयकर विभाग द्वारा अग्रिम कर, स्व निर्धारण कर तथा विवाद से विश्वास स्कीम 2.0 पर एक आउटरीच प्रोग्राम स्थानीय सीए शाखा पर किया गया। चेम्बर ऑफ कॉमर्स, मंडी व्यापारी संघ, कर सलाहकार संघ तथा सीए एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए आयकर अधिकारी संजीव कुमार मलिक ने कहा कि हर व्यक्ति जिसकी टैक्स देनदारी एक वित्तीय वर्ष में टीडीएस/टीसीएस के पश्चात् दस हजार रू. या उससे अधिक होती है तो उसे एडवांस टैक्स का भुगतान करना चाहिये। आपने कहा कि अग्रिम कर की तृतीय किस्त का भुगतान 15 दिसम्बर तक अवश्य करें। विवाद से विश्वास स्कीम 2.0 जो कि 31 दिसम्बर तक है कि विस्तृत जानकारी भी आपने प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। आपने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम के निर्धारित फार्म में घोषणा पत्र भरकर करदाता अपनी अपीलीय फोरम में लंबित प्रकरण का स्कीम अनुसार टैक्स जमा कराकर निपटारा कर सकते है। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन सीए शाखा के चेयरमेन सीए दिनेश जैन ने दिया। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अभय डोसी, दशपुर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर, समाजसेवी गजराज जैन भी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सीए विकास भण्डारी ने किया व आभार सीए विनय अग्रवाल ने माना। उपरोक्त जानकारी आयकर निरीक्षक हेमंत सुथार ने दी।

## कलेक्टर ने सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया

**मंदसौर** । प्रदेश सरकार को एक वर्ष होने वाला है। इस संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धि पर आधारित प्रदर्शनी गांधी चौराहा मंदसौर में लगाई गई। जिसका कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में राज्य शासन के एक वर्ष में किए गए कार्यों का वर्णन हैं। प्रदर्शनी का नागरिकों द्वारा अवलोकन किया जा रहा है तथा प्रदर्शनी के माध्यम से नागरीक गण प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जिले में 11 दिसंबर से 26 जनवरी 2025 तक ÷जन कल्याण अभियान÷ संचालित हो रहा है। जिसके तहत जिले में ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। जनकल्याण अभियान में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक और लक्ष्य आधारित 45 योजनाओं की 63 सेवाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। इन योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें हितलाभ दिया जा रहा है।



# मुमुक्षु नमनकुमार का वर्षीदान वरघोड़ा निकला

**मंदसौर** । मंदसौर में आचार्य जिनसुंदरसूरीशवरजी और आचार्य धर्मबोधिसूरीशवरजी आदि ठाणा 13 की प्रेरणा से 5 दिवसीय भगवती दीक्षा महोत्सव का आयोजन 11 से 15 दिसंबर तक संजय गांधी उद्यान नईआबादी में किया जा रहा है।

दीक्षा महोत्सव के दिन शुक्रवार को मुमुक्षु नमनकुमार कोचर का वर्षीदान वरघोड़ा निकाला गया। आचार्यों व जैन संतों के सानिध्य में मुमुक्षु नमनकुमार कोचर का वर्षीदान वरघोड़ा निकाला गया।

इस दौरान जैन श्वेतांबर मंदिर की महिला मंडलों की बहनें बैंड-बाजे, घोड़े, ऊंट और ढोल-नगाड़ों के साथ 8 गाडय़िों में जैन चिह्न और हाथों में कलश लेकर वरघोड़े में शामिल हुईं जुलूस संजय उद्यान से




शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस संजय गांधी उद्यान पहुंचा। इस दौरान बैंड-बाजे, घोड़े, ऊट, ढोल एवं 8 बग्गियों के साथ वरघोड़ा में जैन श्वेताम्बर मंदिरों की महिला मण्डलों की बहनों ने हाथों में जैन प्रतीकों व कलश लेकर शामिल हुई।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

जैन श्रीसंघों एवं परिवारजनों ने मुमुक्षु नमनकुमार कोचर और उनके परिवारजनों का शॉल श्रीफल भेंटकर और माला पहनाकर बहुमान किया। भगवान महावीर व आचार्यश्री के जयकारों के साथ निकली शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। संजय उद्यान में आयोजित नवकारसी के लाभार्थी धींग परिवार लादुनावाला तथा स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी पोखरना परिवार रहे।

### मुमुक्षु ने लुटाई सामग्री

भगवती दीक्षा में सांसारिक कार्यों में प्रयुक्त वस्तुओं का त्याग करने की परंपरा है। इसी परंपरा के अनुरूप कल मुमुक्षु नमनकुमार ने अपने हाथों से कई प्रकार के रंग-बिरंगे फैशनेबल कपड़े, स्टेशनरी का सामान और मेकअप का सामान दान किया। इन वस्तुओं को मुमुक्षु के हाथों से लेने के लिए श्रावक श्राविकाओं में होड़ मची रही। वरघोड़ा वर्षीदान जुलूस में नगर सेठ बनने का धर्म लाभ अनिलकुमार मुकेश कुमार धींग परिवार ने लिया तथा जुलूस को जैन ध्वज दिखाकर भोजन कराने का धर्म लाभ शांतिलालजी विजय मेडिकल परिवार ने लिया।

# दमदार प्रदर्शन से छा जाने वाले 7 बॉलीवुड अभिनेता

## 1. ऋचा चड्ढा - हीरामंडी

ऋचा चड्ढा ने संजय लीला भंसाली की महाकाव्य वेब सीरीज़ हीरामंडी में लज्जो के रूप में अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य पीरियड ड्रामा में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिसमें उन्होंने अपने किरदार में गहराई, शान और तीव्रता का प्रदर्शन किया।



## 2. अभिषेक बनर्जी - स्त्री 2



अभिषेक बनर्जी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह बॉलीवुड के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक हैं। स्त्री 2 में उन्होंने जाना के किरदार को और भी रोचक बना दिया।

## 3. अक्षय ओबेरॉय - फाइटर






अक्षय ओबेरॉय ने फाइटर में अपने अभिनय कौशल का एक नया स्तर दिखाया। एक फाइटर प्लेन पायलट की जटिल और बहुस्तरीय भूमिका निभाते हुए, अक्षय ने बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन पर अपनी खास पहचान बनाई।

## 4. रवि किशन - लापता लेडीज़



रवि किशन, जो अपने करिश्माई और दमदार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं, ने लापता लेडीज़ में एक दिलचस्प पुलिस वाले की भूमिका निभाई। इस फेमिनिस्ट कॉमेडी-ड्रामा में उनका किरदार हास्य और संवेदनशीलता का बेहतरीन मेल था।

## 5. प्रतीक गांधी - मडगांव एक्सप्रेस



प्रतीक गांधी ने मडगांव एक्सप्रेस में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो दर्शकों के दिल और दिमाग दोनों पर गहरी छाप छोड़ गई। नैतिक रूप से जटिल पात्रों को निभाने के लिए प्रसिद्ध प्रतीक ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

## 6. वीर दास - कॉल मी बे

वीर दास ने कॉल मी बे में अपनी ज़बरदस्त अदाकारी से सभी को चौंका दिया। फ्लैम्बॉयंट और मज़ाकिया किरदार को निभाते हुए, वीर ने अपने कॉमिक टाइमिंग का ज़बरदस्त प्रदर्शन किया।

## 7. तिलोत्तमा शोम - त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर



तिलोत्तमा शोम ने त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर वेब सीरीज़ में बिंदु का किरदार निभाया और अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस शो की कहानी महिला इच्छा और अस्तित्व जैसे विषयों के इर्द-गिर्द घूमती है।

# बुमराह महान तेज गेंदबाजों का मिश्रण: चैपल



**सिडनी।** भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि जसप्रीत बुमराह में डेनिस लिली, एंडी रॉबर्ट्स और रिचर्ड हैडली जैसे महान तेज गेंदबाजों के गुण मौजूद हैं, लेकिन साथ ही वह अपनी खुद की विरासत भी गढ़ रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के तेज गेंदबाजों को प्रेरित करेगी।





उन्होंने यह भी कहा कि बुमराह ऑस्ट्रेलिया और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच खड़े एकमात्र खिलाड़ी हैं। बुमराह को जो चीज अलग बनाती है, वह है उनके कौशल का संयोजन- (मैल्कम) मार्शल की अनुकूलन क्षमता, लिली की आक्रामकता, रिचर्ड हैडली का नियंत्रण, रॉबर्ट्स की रणनीति, वसीम (अकरम) और वकार की (यूनिस) रिवर्स स्विंग, (ग्लेन) मैकग्राथ की सटीकता, (डेल) स्टेन की विस्फोटकता और (कागिसो) रबाडा की आधुनिक बहुमुखी प्रतिभा। चैपल ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड% में लिखा, चूंकि उनकी पीठ की सर्जरी हो चुकी है, इसलिए यह निश्चित नहीं है कि उनका करियर लंबा चलेगा, लेकिन अगर ऐसा होता है, तो उनका नाम ऊपर के चैंपियनों के साथ ही लिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि बुमराह की घातक यॉर्कर और अस्थिर उछाल ने मैदान पर लिली की कच्ची आक्रामकता की यादें ताजा कर दीं। लिली एक योद्धा थे, जो कच्ची आक्रामकता को मनोवैज्ञानिक कौशल के साथ मिलाते थे। मैंने घरेलू क्रिकेट में कई बार उनका विरोध किया और उन्हें अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ करीब से देखा। अपनी जांच-परख वाली लाइन और लेंथ के साथ बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल बनाने की उनकी क्षमता, उनकी चालाकी और दृढ़ संकल्प के साथ मिलकर उन्हें चैंपियन बनाती है। बुमराह, हालांकि कम आक्रामक हैं, लेकिन बल्लेबाजों को परेशान करने की लिली की क्षमता को दर्शाते हैं। उनके घातक यॉर्कर और विचलित करने वाली उछाल - विशेष रूप से उनके अपरंपरागत रिलीज पॉइंट और प्रक्षेपवक्र के साथ - लिली की शर्तों को निर्धारित करने की क्षमता को प्रतिध्वनित करते हैं।

बुमराह की शांत तीव्रता और सटीकता उन्हें एक दुःस्वप्न बनाती है, ठीक लिली की निरंतर आक्रामकता की तरह। खेल का एक और महान खिलाड़ी रॉबर्ट्स था, जिसने गति को रणनीतिक प्रतिभा के साथ जोड़ा। चैपल को लगता है कि एमसीजी में बुमराह का 2018 का प्रदर्शन, जहां उन्होंने बल्लेबाजों को बेहतर बनाने के लिए विविधताओं का इस्तेमाल किया, रॉबर्ट्स के काम करने के तरीके की याद दिलाता है। बुमराह रॉबर्ट्स के दिमागी दृष्टिकोण को साझा करते हैं। दोनों गेंदबाज बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए सूक्ष्म विविधताओं का उपयोग करते हैं, क्रूर बल के बजाय रणनीति पर भरोसा करते हैं। एक गेंदबाज का खतरा जो स्टंप पर ध्यान केंद्रित करता है, जैसा कि रॉबर्ट्स और बुमराह करते हैं, यह है कि यदि आप एक पल के लिए आराम करते हैं और उनकी गेंदों को पार करने की कोशिश करते हैं, तो आप एलबीडब्ल्यू और बोल्ड होने के लिए और भी अधिक कमजोर हो जाते हैं। मैं बुमराह के खिलाफ भी यही तरीका अपनाऊंगा, चैपल ने कहा। हैडली से तुलना करते हुए चैपल ने कहा, बुमराह की सावधानी हैडली से तुलना करती है। अंग्रेजी परिस्थितियों में उनकी महारत, जहां उनका औसत 22.02 है।

और थोड़ी सी भी हरकत का फायदा उठाने की उनकी क्षमता हैडली द्वारा बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की नैदानिक क्षमता से मिलती जुलती है।

# पहली पारी में आउट होने से उनके खेल पर असर पड़ा:गिल

**ब्रिसबेन ।** शुभमन गिल ने माना कि दूसरे छोर पर विकेट गिरने से एडिलेड टेस्ट में उनके खेल पर असर पड़ा, लेकिन उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय बल्लेबाजी समूह तीन मैचों की इस सीरीज में पहली पारी में बेहतर प्रदर्शन करेगा। गिल ने कहा, बल्लेबाजी समूह के तौर पर हम पहले बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस पर मुख्य चर्चा हुई और हर बल्लेबाज की अपनी रणनीति होती है।गिल का मानना है कि वह अपने स्वाभाविक खेल पर लगाम नहीं लगाएंगे, हालांकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते देखकर वह थोड़े तनाव में जरूर आए। बल्लेबाज के तौर पर मेरे पास अभी भी आज़ादी है। चुनौतियों में से एक यह है कि क्या आप वह खेल खेल सकते हैं जो आप खेलना चाहते हैं, चाहे दूसरे छोर पर क्या हो रहा हो और स्कोरकार्ड कुछ भी हो।

पहली पारी में मैं लड़खड़ा गया क्योंकि दूसरे छोर पर जो हुआ, मैं उसे अपने ऊपर लेता हूँ। चार ओवर की अवधि में गिल ने सिर्फ़ एक गेंद का सामना किया और इससे उनकी एकाग्रता प्रभावित हुई। और एक अवधि थी जब मैंने ज़्यादा सामना नहीं किया - शायद चार ओवर में एक गेंद और फिर जब मैंने एक गेंद का सामना किया तो मैं पूरी तरह से फुलर गेंद को मिस कर गया।

# सीएम मोहन यादव की पहली पसंद कड़क और सख्त अधिकारी

## मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति से दिया संदेश

इंदौर। मुख्यमंत्री मोहन यादव का पहला कार्यकाल प्रदेश के लिए काफी सफल साबित हुआ है। इस एक साल में उन्होंने प्रशासनिक ढांचे में कई अहम बदलाव किए हैं, जिनसे उनके शासन के इरादे और प्राथमिकताएं स्पष्ट हो गई हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सबसे बड़ी प्राथमिकता प्रशासन में कड़ी मेहनत और कार्यकुशलता है। वे केवल उन अधिकारियों को तवज्जो देते हैं, जो काम में दक्ष, निष्पक्ष और समय पर काम करने में सक्षम हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली और पसंद को प्रमुख सचिव अनुराग जैन और डीजीपी कैलाश मकवाना की नियुक्ति से जाना जा सकता है।

इन नियुक्तियों के जरिए सीएम ने यह संदेश दिया है कि वह किसी भी विभाग में किसी विशेष राजनीतिक धड़े या समीकरण से ऊपर उठकर केवल कार्यकुशलता और निष्पक्षता को महत्व देते हैं।

### मुख्य सचिव अनुराग जैन



अनुराग जैन को मध्य प्रदेश का 35वां मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्रदेश की प्रशासनिक सेवाओं में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। जैन की छवि एक ईमानदार और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी के रूप में है। उन्होंने लोक सेवा गारंटी कानून लागू करने में अहम भूमिका निभाई। इसके प्रारूप को उन्होंने ही तैयार किया था। उनकी प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें 2011 से 2015 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी मिला।

जैन ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सचिव के रूप में भी काम किया है। उनके नेतृत्व में राज्य में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार हुए और उन्हें पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के लिए एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के क्षेत्र में प्रधानमंत्री अवॉर्ड भी मिल चुका है।

### डीजीपी कैलाश मकवाना

डीजीपी कैलाश मकवाना की नियुक्ति सीएम मोहन यादव के कड़े और सख्त निर्णय लेने के दृष्टिकोण को दर्शाती है। कैलाश मकवाना को मध्य प्रदेश पुलिस का नया डीजीपी नियुक्त किया गया है और यह नियुक्ति पूर्ववर्ती सरकार के तहत हुई राजनीतिक दबाव के बावजूद हुई है। कैलाश मकवाना, जो एक तेजतर्रार और बेदाग छवि के अधिकारी माने जाते हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी कड़ी कार्यवाही के लिए प्रसिद्ध हैं।

मकवाना ने कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं, जिनमें पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन, लोकायुक्त संगठन में डीजी और विशेष डीजी (सीआईडी और इंटेलिजेंस) जैसी जिम्मेदारियां शामिल हैं। 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी कैलाश मकवाना का पुलिस सेवा में करियर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन फिर भी उन्होंने अपने कर्तव्यों में कभी कोई समझौता नहीं किया। उनके कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है।

### बेहतर करने वालों की होगी जिलों में पोस्टिंग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न विभागों में भी अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर खास ख्याल रख रहे हैं। वे नियुक्ति में कार्यकुशलता और निष्पक्षता को सबसे ऊपर रख रहे हैं।

यही वजह है कि कई विभागों में अधिकारियों की जल्द ही पदस्थापना में बदलाव हो रहा है। अब जिलों में भी बेहतर काम करने वाली की पोस्टिंग और खराब काम करने वालों को लूप में भेजने की बात कही जा रही है। आने वाले दिनों में इस बदलाव को देखने की बात कही जा रही है।

### चार साल का रोडमैप तैयार कर लिया

राजनीतिक विश्लेषक प्रभु पटैरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एक साल के कार्यकाल में सरकार चलाना और प्रशासनिक कामकाज को बारीकी से समझने के बाद अब सीएस अनुराग जैन और डीजीपी कैलाश मकवाना के रूप में कड़क, ईमानदार, कार्यकुशल और नवाचार करने वाले अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह दर्शाता है कि अब मुख्यमंत्री भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा करते हुए प्रदेश में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी सरकार के रूप में अपने आने वाले चार साल को स्थापित करना चाहते हैं।

इन निर्णयों से यह कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री ने अपने चार साल का रोडमैप तय कर लिया है। भ्रष्टाचार, जनहित के मुद्दों और योजनाओं के अंतिम बिंदु तक क्रियान्वयन जैसे मसलों पर जीरो टॉलरेंस रहेगा। सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की सतत मॉनीटरिंग से यह साबित भी हो रहा है।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीतने में हम सक्षम, नहीं मिलाएंगे कांग्रेस से हाथ

## आप सांसद ने कहा-घुसपैठिए दिल्ली पहुंचने में कामयाब हुए तो यह केंद्र की विफलता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होने पर कहा कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस ने हरियाणा में आप से हाथ मिलाया होता तो वह चुनाव जीत गए होते।

संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पिछले 10 साल से हरियाणा में चुनाव हार रही है। हरियाणा में आप को 2 फीसदी वोट शेयर मिला है। हरियाणा में आप से गठबंधन न करना कांग्रेस की गलती थी। अगर उन्होंने गठबंधन किया होता तो वे हरियाणा जीत गए होते। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप पिछले 15 साल से जीत रही है। हम अपने दम पर दिल्ली जीतने में सक्षम हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की चुनाव आयुक्त के साथ बैठक पर संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम काटने का मुद्दा उठाया है। हम महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह दिल्ली में चुनाव घोटाला नहीं होने देंगे।

दिल्ली के एलजी के पत्र के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों पर पुलिस के एक्शन पर संजय सिंह ने कहा कि अगर बांग्लादेशी दिल्ली पहुंचने में कामयाब हो गए हैं तो एलजी को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सीमाएं असम, त्रिपुरा और बंगाल से लगती हैं। अगर वह सीमा पार करने और यूपी जैसे राज्यों को पार करके दिल्ली पहुंचने में कामयाब हो गए तो यह केंद्र सरकार की विफलता है। घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए कौन जिम्मेदार है- विदेश मंत्रालय।

# आप के बाद अब बीजेपी के विधायकों को लग रहा टिकट कटने का डर

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा प्रत्याशियों के चयन में पिछड़ रही है। आम आदमी पार्टी ने 31 और कांग्रेस ने 21 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी ने अब तक 16 विधायकों के टिकट काटे हैं और इनकी जगह पर भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को टिकट दिया जा रहा है। प्रत्याशियों के चयन में हो रहे विलंब से भाजपा कार्यकर्ता व दावेदार असमंजस में हैं। पार्टी के विधायक भी टिकट को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। सात विधायकों में से दो को कांग्रेस व आम आदमी पार्टी से आने वाले नेताओं से खतरा है। दूसरे विधायकों को पार्टी के अन्य नेताओं से चुनौती मिल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में बदरपुर, रोहिणी, लक्ष्मीनगर, विश्वासनगर, रोहतास नगर, करावल नगर और घोंडा सीटों पर जीत मिली थी। इसमें से बदरपुर के विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी अब दक्षिणी दिल्ली से सांसद हैं।



# निजी स्कूलों में फीस वृद्धि से जुड़ा संशोधन विधेयक आएगा विधानसभा में

इंदौर। निजी स्कूलों की लूटपट्टी से सभी पालक दुखी रहते हैं, मगर मजबूरी यह है कि बच्चों को पढ़ाए कहां, क्योंकि सरकारी स्कूलों का तो हाल चौपट ही है। अभी 16 दिसम्बर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है, जिसमें एक महत्वपूर्ण विधेयक निजी स्कूलों में फीस वृद्धि से जुड़ा भी रहेगा। इस संशोधन विधेयक के जरिए 25 हजार तक की सालाना फीस लेने वाले स्कूलों को अधिनियम के दायरे से बाहर किया जाएगा और उन्हें 15 फीसदी तक फीस वृद्धि की अनुमति रहेगी। अन्य निजी स्कूल साल में एक बार 10 फीसदी ही वृद्धि कर सकेंगे। उससे अधिक के लिए शिक्षा विभाग या फिर शासन स्तर से अनुमति लेना पड़ेगी।

भोपाल सहित प्रदेशभर में 35 हजार से ज्यादा निजी स्कूल संचालित हैं, जिन्हें शासन स्तर पर मान्यता प्राप्त होती है। इनमें से अधिकांश स्कूल जहां हर साल मनमानी फीस वृद्धि तो करते ही हैं, वहीं कॉपी-किताबें, यूनिफॉर्म से लेकर अन्य मदों में भी पालकों से वसूली की जाती है। कुछ समय पूर्व जबलपुर कलेक्टर द्वारा दिए गए फैसले की प्रदेशभर में चर्चा हुई थी, जिसमें स्कूल प्रिंसिपल और संचालकों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज करवाई और आठ बड़े निजी स्कूलों से 54 करोड़ रुपए से अधिक की बढ़ाई गई फीस भी पालकों को वापस भी करवाई और स्कूलों पर जुर्माना भी ठोंका। दूसरी तरफ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन संशोधन विधेयक-2024 का मसोदा तैयार किया है और इसे अभी विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश कर लागू किया जाएगा, जिसमें 25 हजार रुपए सालाना फीस लेने वाले छोटे निजी स्कूलों को अधिनियम के दायरे से बाहर रखने का भी विचार किया गया है और इन्हें 10 से 15 प्रतिशत तक फीस वृद्धि की अनुमति रहेगी और उससे अधिक वृद्धि करने पर जिला कमेटी से अनुमति लेना पड़ेगी। जबकि शेष अन्य निजी स्कूल साल में एक बार 10 प्रतिशत तक ही फीस वृद्धि कर सकेंगे और उससे अधिक वृद्धि के लिए जिला कमेटी से अनुमति लेना होगी और 15 फीसदी से अधिक वृद्धि पर यह प्रस्ताव राज्य स्तरीय कमेटी के पास जाएगा। इसके अलावा कोई दान, कैपिटेशन शुल्क नहीं लिया जा सकेगा और ली जाने वाली फीस की रसीद भी देना होगी और प्रावधानों के तहत तय शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जा सकेगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com